## महत्वपूर्ण एवं खास

### अगले 24 घंटे में मध्यम बारिश होने व आंधी-तूफान चलने की भी संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर मध्यम वर्षा और आंधी-तूफान चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है। बता दें कि प्रदेश में द्रोणिका और चक्रीय चक्रवाती घेरे की वजह से लगातार बदली, बारिश और आंधी तूफ ान की स्थिति बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के लगभग सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। लगातार नमी की वजह से राज्य के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज किया गया है। रायपुर में 10 डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के भीतर कई स्थानों में मध्यम वर्षा और आंधी-तूफान को लेकर अलर्ट भी जारी किया है बता दें कि राजधानी रायपुर में शुक्रवार सुबह भी हल्की बौछार पड़ी थी। हालांकि दोपहर तक मौसम साफ हो गया और आसमान में छाये बदल छट गये। वहीं मौसम विज्ञानीकों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों इसी प्रकार मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि होगी।

### सौम्या चौरसिया की जमानत पर फैसला कोर्ट ने 16 तक रखा सुरक्षित

**रायपुर (आरएनएस)।** कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 16 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। बता दें कि कोयला घोटाला केस में जेल में बंद राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया की जमानत पर शुक्रवार को 12 अप्रेल को सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना। मामले में ईडी ने भी अपना तर्क रखा। जिसके बाद कोर्ट ने जमानत पर फैसला 16 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रखा है। वहीं महादेव एप सट्टेबाजी केस में जेल में बंद निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के जमानत आवेदन पर भी शुक्रवार को होने वाले फैसले को 16 अप्रैल तक लिए टाल दिया गया है। बता दें कि तकनीकी कारणों से जमानत याचिका पर सुनवाई बढ़ाई गई है। ईडी की स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका लगी थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत याचिका खारिज करने के बाद पहली बार निचली कोर्ट में जमानत याचिका लगी है।

### पीएटी, पीव्हीपीटी के प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 14 अप्रैल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी जून-जुलाई से शुरू होने वाले कोर्स पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 14 अप्रैल 2024 है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट (व्यापमं डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन) vyapam.cgstate.gov.in और vyapamaar.cgstate.gov.in/ है।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलीबांधा पुलिस ने सुभाषनगर में दबिश देकर गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर में दबिश देकर आरोपी विक्की देशमुख 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 13 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प से गूंजा केलो नदी का उद्गम

- **जिले के अंतिम छोर तक चल रहा मतदाता जागरुकता अभियान**
- **कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने दिलाई शपथ, नए मतदाताओं को किया सम्मानित**

**रायगढ़**

जिले के सुदूर वनांचल और अंतिम छोर तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला चल रही है। इस कड़ी में लैलूंगा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित केलो नदी के उद्गम ग्राम पहाड़ लुडेग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। केलो का यह उद्गम यहां पहुंचे ग्रामीणों और युवा मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प से गूंजा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के साथ सीईओ जिला पंचायत व स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जितेन्द्र यादव व डीएफओ स्टाइलो मंडावी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

जिले के दूरस्थ अंचल में लैलूंगा विकासखंड का पहाड़ लुडेग गांव में केलो नदी का उद्गम स्थित है। यहां जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ग्रामवासी बड़ी संख्या में जुटे और लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी को शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।





इस मौके पर एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**75 नए मतदाताओं को किया गया सम्मानित-** इस मौके पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पहाड़ लुड़ेग और आस पास के गांवों के 75 नए मतदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के नागरिक के रूप में आपको मतदान का यह मौका मिला है यह सिर्फ आपका अधिकार ही नही बल्कि एक जिम्मेदारी और कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि 7 मई को मतदान के लिए अवश्य पहुंचे और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें।

## व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी पहुंचे रायगढ़, नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण, ली जानकारी



**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र-02 के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। निर्वाचन प्रक्रिया में व्यय अनुवीक्षण के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी आज रायगढ़ पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन के लिए जिला कार्यालय में बनाए विभिन्न नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया।

इस दौरान व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने विजिल कक्ष के निरीक्षण करते हुए सी-विजिल एवं आचार संहिता उल्लंघन एवं निर्वाचन से संबंधित शिकायत हेतु स्थापित कक्ष नंबर में टोल फ्री नंबर 1950 में प्राप्त हो रही शिकायतों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कंट्रोल रूम एवं पोस्टल बैलट एवं ईडीसी कक्ष का भी निरीक्षण कर जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर उपस्थित रही।

व्यय प्रेक्षक ने किया एफएसटी का निरीक्षण

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी आज रायगढ़ के बोंदा टिकरा पहुंचे। यहां उन्होंने फ्लाईंग स्क्वाड टीम का निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने टीम को मुश्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## सीएमएचओ डॉ. चंद्रवंशी ने एनटीपीसी लारा अस्पताल में वेक्सीनेशन यूनिट का किया शुभारंभ

**रायगढ़**




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के दिशा-निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने आज विकासखंड पुसौर के एन.टी.पी.सी लारा अस्पताल में वेक्सीनेशन यूनिट का शुभारंभ किया। जिसमें प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को टीकाकरण सतत् किये जाने तथा एनसीडी स्क्रीनिंग, एचआईवी जांच, सिकलसेल जाँच के साथ ही प्रत्येक माह में एक बार नेत्र जांच हेतु शिविर आयोजन करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में नेत्र परीक्षण के दौरान पाये गये मोतियाबिंद मरीजों को जिला अस्पताल में निर्धारित दिवस पर भेजने हेतु परामर्श दिए। साथ ही अदानी पावर लिमिटेड रायगढ़ औद्योगिक संस्थान में कर्मचारियों एवं ड्राईवर, लेबर, ट्रक ड्राईवरों का एचआईवी, हेपेटाईटिस बी, सी.सिफलिस, टी.बी.स्क्रीनिंग जाँच हेतु विशेष जाँच शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 1000 जाँच का लक्ष्य में से 300 जाँच किया गया है। उसे शत-प्रतिशत जाँच पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



जूटमिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से एक माह पहले लापता हुई बालिका को काफी प्रयास के बाद ढूंढ निकाली। आरोपी युवक नाबालिक को लेकर लगातार ठिकाना बदल रहा था जिसे आज पुलिस ने ग्राम टारपाली में रहने वाले संजय ओग्रे (20 साल) के पास से दस्तयाब किया है। बालिका की मां 19 मार्च को थाना जूटमिल में आवेदन देकर उसकी लड़की के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कर बताई कि लड़की उसके नाना के घर रायगढ़ आयी हुई थी जो 13 मार्च को बिना बताये कहीं चली गई जिसे काफी पता तलाश किये पता नहीं चला। थाना जूटमिल में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 145/2024 धारा 363 आईपीसी का अपराध कायम किया गया। गुम बालिका की पतासाजी दौरान बालिका और संदेही युवक संजय ओग्रे के संपर्क में होने की जानकारी मिली थी , जो लगातार रहने का ठिकाना बदल रहे थे जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मुखबीर लगाकर रखा गया था। आज बालिका को ग्राम टारपाली में संदेही संजय ओग्रे के साथ देखे जाने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं स्टाफ द्वारा दबिश दिया गया। जहां से बालिका और संदेही संजय ओग्रे को साथ लाया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई के संजय ओग्रे से पूर्व से जान पहचान थी। 13 मार्च को संजय मोटरसाइकिल से इसे लेने आया था जो शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया और शारीरिक संबंध स्थापित किया। बालिका के कथन, मेडिकल पश्चात प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी और 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी संजय ओग्रे पिता हरिश्चंद्र ओग्रे उम्र 20 साल निवासी टारपाली वार्ड क्रमांक 11 थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बालिका एवं आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिदार एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## रेलवे स्टेशन के बाहर गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा, आरोपियों के कब्जे से करीब 15 किलो गांजा व दो मोबाइल जब्त

- **थाना कोतवाली में आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई**

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कोतवाली पुलिस की अवैध मादक पदार्थों पर कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 11 अप्रैल को गस्त दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति रेलवे स्टेशन पार्सल ऑफिस के सामने माल धक्का रोड पर प्लास्टिक थैला में गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर उनके मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तत्काल सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव एवं थाना स्टाफ के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां आरपीएफ स्टाफ के साथ संदिग्धों को पता तलाश किया गया और मुखबिर के बताए हुलिया अनुसार दो व्यक्ति को माल धक्का रोड़ पर हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम हाकम सिंह लोधी और खुमान सिंह लोधी दोनों निवासी दमोह (मध्य प्रदेश) के रहने वाले बताए। संदेहियों का विधिवत तलाशी लिया गया जिनके कब्जे से 07 और 12 प्लास्टिक पन्नी में भरा मादक पदार्थ गांजा मिला जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उड़ीसा से गांजा लेकर आना बताए। जप्त गांजा का विधिवत तौल कराने पर 14 किलो 738 ग्राम गांजा कीमत करीब 1,71,000 रूपये पाया गया आरोपियों से 02 मोबाइल की भी जप्ती की गई है। आरोपियों के कृत्य पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 227/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर गांजा रेड की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, संदीप मिश्रा, जगन्नाथ साहू और एएसआई अमरेंद्र सिंह (RPF) व स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी-

(1)हाकम सिंह लोधी पिता भगवान सिंह लोधी उम्र 42 साल , (2) खुमान सिंह लोधी पिता नन्नू सिंह लोधी उम्र 28 साल दोनों निवासी बिलाई थाना हिंडोरिया जिला दमोह

जप्त मशरूका - (i) कुल 14 किलो 738 ग्राम गांजा कीमत करीब 1,71,000 रूपये। (ii) 2 मोबाइल (एक आईटेल और एक रेडमी) कीमती 15 हजार रूपये। जुमला- 1,86,000 रूपये।

## कलेक्टर साहू ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिले में संचालित स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्रों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के साथ विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों की जानकारी दी। कलेक्टर धर्मेश कुमार मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देते हुए प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसव कर्ताओं को पाटोग्राफ पर क्वालिटी प्रशिक्षण आयोजित करने एवं प्रत्येक प्रसव का पाटोग्राफ बनाने, ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र का प्रभावी क्रियान्वयन कर शत प्रतिशत टीकाकरण करने व पर्यवेक्षकों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग करने, प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को होने वाली सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रत्येक गर्भवती का कम से कम एक बार जांच करने तथा हाई रिस्क गर्भवती माता का प्रतिमाह इस अभियान में जांच करने के निर्देश देते हुए सभी नेगेटिव सूचकांकों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल जांच बढ़ाते हुए सिकल सेल मरीजों को सूचीबद्ध कर उनका नियमित फॉलोअप एवं उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए। समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव की संपूर्ण व्यवस्था करने एवं जहां फीमेल स्टॉफ पदस्थ हैं, प्रतिमाह लक्ष्य अनुरूप प्रसव कार्य कराने के निर्देश दिए।

जिले में संचालित NRC में बी ओ आर बढ़ाने हेतु आगामी भर्ती के लिए कुपोषित बच्चों को सूचीबद्ध करने के निर्देश देते हुए डी एम एफ संचालित एनआरसी बरमकेला को पूर्णकालिक संचालन हेतु डी एच एस को पत्राचार करने, जिले में संचालित जन औषधि केंद्रों में आवश्यक सुधार हेतु नियमित निगरानी, मितानिनों को संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों में व्यापक कार्य लेने, जिले में संचालित समस्त सोनोग्राफी केंद्र का प्रति माह निरीक्षण कर लिंग परीक्षण की जांच पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवनों को सीजीएमएससी से आए हुए इंजीनियर्स को समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर साहू ने की संयुक्त विभागीय बैठक : शिक्षा, आदिवासी विकास और महिला बाल विकास विभाग के कार्यों का हुआ समीक्षा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। सर्वप्रथम कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत स्थापना में सफाईकर्मियों की नियुक्ति एवं संख्या, गणवेश एवं स्टेशनरी क्रय एवं वितरण के संबंध में अद्यतन जानकारी, शौचालयों की उपलब्धता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, जाति प्रमाण पत्र की ब्लॉकवार प्रगति, निःशुल्क राज्य छात्रवृति, सारबिला अकादमी, परीक्षा परिणाम, निर्माण कार्यों एवं योजनागत कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की मूलभूत जानकारी ली जिसमें छात्रावासों की संख्या, छात्रावासों के मरम्मत कार्य, कर्मचारियों की संख्या, छात्रावासों में बाऊंड्रीवाल एवं फेसिंग कार्य , पेयजल व्यवस्था, खाद्यान्न उपलब्धता, कन्या छात्रावासों में अधीक्षिका आवास गृह, ईंधन की उपलब्धता, वन अधिकार पत्रों के डिजिटाइजेशन इन विषयों पर एवं शासन की संबंधित योजनाओं पर अद्यतन चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके पश्चात कलेक्टर ने अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के आंकड़ों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावासों में शौचालयों की खराब स्थिति पर ध्यान दिलाया, साथ ही शौचालयों में पानी की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने नवीन जिला से संबंधित कार्यालय भवन, कार्यालय संचालन एवं स्टाफ के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा कलेक्टर ने निर्माण कार्यो की जानकारी ली एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने महिला एवं बाल विकास विभाग की सामान्य जानकारी ली एवं रिक्त भर्तियों के संबंध में कार्यवाही करने को कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या, सहायिकाओं की संख्या, पोषण केन्द्र की स्थिति एवं अद्यतन जानकारी, आंगनवाड़ियों में दर्ज हितग्राहियों के मोबाइल वेरिफिकेशन, कुपोषण मुक्ति एवं कुपोषण दूर करने हेतु दिए जा रहे भोजन, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे कार्य, अपूर्ण कार्यों की स्थिति एवं विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थिति एवं बच्चों की संख्या में कमी, उन्हें दी जाने वाली भोजन की उपलब्धता एवं अन्य गतिविधियों की कमी को लेकर नाराजगी जताते हुए आवश्यक सुधार करने को कहा।

## सभी एजेंसीज जिम्मेदारी पूर्वक करें कार्य, व्यय पर्यवेक्षक ने ली बैठक

**रायगढ़**





लोकसभा निर्वाचन व्यय पर्यवेक्षक सेंथिल कुमार बी ने लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त जिले की इंफोर्समेंट एजेंसीज की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की बात कही।

बैठक शुक्रवार की दोपहर 1 बजे से सृजन सभाकक्ष में शुरू हुई। बैठक में सबसे पहले व्यय पर्यवेक्षक सेंथिल कुमार बी ने इंफोर्समेंट एजेंसी के सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ उनके द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी ली। एजेंसीज के नोडल अधिकारियों ने आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से लेकर अब तक किए गए जैसे एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम) द्वारा 50 लाख रुपए नगद जप्ती, अवैध शराब पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। इस पर सेंथिल कुमार बी ने कहा सभी एजेंसीज के लिए कार्यों का दायरा तय है। इस दायरे में रहकर ही सभी को अपना कार्य गंभीरता पूर्वक करना है। एजेंसीज के कार्यों से आम लोगों को परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखना है। इस दौरान सहायक व्यय पर्यवेक्षक के कार्यों की भी उन्होंने समीक्षा की गई।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जांच नाका पर तैनात टीम को गंभीरता से कार्रवाई करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने रेलवे स्टेशन पर जांच करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय द्वारा सभी एजेंसीज के सदस्यों को किसी भी तरह के प्रभोलन, शराब वितरण या फिर किसी पार्टी विशेष द्वारा वोटर्स को किसी भी तरह के सामान बांटने की शिकायत सीधे सी-विजिल पर करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित इंफोर्समेंट एजेंसी के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

**व्यय प्रेक्षक से मिल सकते है सर्किट हाऊस में जनसामान्य-** लोकसभा निर्वाचन-2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 2 के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक सेंथिल कुमार बी से जनसामान्य रायगढ़ के चांदमारी स्थित सर्किट हाऊस कमरा नंबर 05 में प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है। इसी तरह मोबाईल नंबर 76470-45962 में कॉल कर संपर्क कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480